भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. *169

जिसका उत्तर 28.07.2022 को दिया जाना है

राज्य राजमार्गों का उन्नयन

*169. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कर्नाटक-केरल सीमा पर हासन जिले के चन्नारायपटना को मकुट्टा से जोड़ने वाले राज्य राजमार्ग (एसएच) का राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) में उन्नयन करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी देने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है और इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि आवंटित/स्वीकृत की गई है;

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के हासन-सकलेशपुरा खंड पर कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है, जो अनेक वर्षों से लंबित है तथा इसके लंबित रहने के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त खंड पर आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि कितनी है;

(ड.) क्या सरकार ने संबंधित ठेकेदार को उक्त खंड पर कार्य पूरा न करने पर काली सूची में डाल दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा उक्त परियोजना को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (च): एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है।

'राज्य राजमार्गों का उन्नयन' के संबंध में श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा पूछे गए दिनांक 28.07.2022 के लोक सभा मौखिक प्रश्न सं. *169 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

....

(क) और (ख) कर्नाटक-केरल सीमा पर हासन जिले में चन्नारायपटना को मकुट्टा से जोड़ने वाला राज्यीय राजमार्ग राज्य सरकार की सड़क है। मंत्रालय को कर्नाटक राज्य सहित विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्रालय इन प्रस्तावों में से कुछ पर संपर्कता, यातायात स्तर, पारस्परिक प्राथमिकता की आवश्यकताओं और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने पर विचार करता है। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान, कर्नाटक राज्य में आने वाले क्रमशः 77 किमी और 177 किमी लंबाई वाले 2 ग्रीन फील्ड संरेखण को क्रमशः एनई-7 और एनएच-150सी घोषित किया गया है।

(ग) एनएचएआई द्वारा एनएच-75 के हासन से सकलेशपुरा खंड की 35 किलोमीटर की लंबाई को 4 लेन का बनाने का काम एनएच-75 के हसन से मारनहल्ली खंड के हिस्से के रूप में शुरू गया है। इसमें से 24.39 किमी का काम पूरा हो चुका है। हासन-मारनहल्ली के 4 लेन के कार्य की वास्तविक प्रगति 48% है और परियोजना के 17-03-2023 तक पूरा होने की संभावना है। मूल ठेकेदार के दिवालियेपन के कारण नया ठेकेदार नियुक्त किया गया था और कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, खदान/खनन अनुमति मिलने में देरी, कोविड महामारी, घाट खंडों में अधिक समय तक बारिश के कारण कम काम के मौसम की वजह से भी इस काम में विलंब हुआ।

(घ) उक्त खंड पर आवंटित/जारी और उपयोग की गई निधियां निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.में)

वर्ष	आवंटित / जारी की गई निधियां	उपयोग की गई निधियां
2017-18	21.98	21.98
2018-19	7.00	7.0o
2019-20	41.32	41.32
2020-21	61.75	61.75
2021-22	86.03	86.03
2022-23	28.70	28.70
कुल :	246.78	246.78

(ड.) मुख्य ठेकेदार, मेसर्स आइसोलक्स कोर्सन इंजीनियरिंग प्रा. लिमिटेड को दिवालिया घोषित कर दिया गया है। अतः ठेकेदार को काली सूची में डालने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(च) उचित हस्तक्षेप के साथ आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की गई हैं और विस्तारित समय के भीतर काम पूरा करने के लिए कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव, अध्यक्ष (एनएचएआई) और सचिव (आरटीएच) द्वारा समय-समय पर समीक्षा सहित विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से काम की निगरानी की जा रही है।

*****